मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय
Madhya Pradesh Legislative Assembly Secretariat
Indira Gandhi Vidhan Bhawan,
Arera Hills,Bhopal(M.P.)

स मा चा र

विधानसभा अध्यक्ष ने दीं प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं

भोपाल : 14 अगस्त, 2021 मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष माननीय श्री गिरीश गौतम ने 75 वें स्वतंत्रता दिवस पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई दी है। श्री गौतम ने अपने संदेश में प्रदेश एवं देश के जन-जन की खुशहाली, उन्नति एवं कल्याण की कामना की है।

गौतम ने कहा है कि हम सभी स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव को मना रहे हैं। यह समय हमारे स्वाधीनता के गौरव को अंतःमन में महसूस करने के साथ ही विगत साढ़े सात दशक की उपलब्धियों पर गौरव करने का समय है। आज का दिन स्वतंत्रता संग्राम के उन वीरों के स्मरण का भी दिन है जिनके बलिदानों की वजह से ही हमारा देश परतंत्रता की बेडियों से मुक्त हो सका है। ऐसे अमर शहीदों के बलिदान पर पूरा राष्ट्र नमन करता है।

श्री गौतम ने अपने संदेश में कहा है कि अमृत महोत्सव पर हमें अपने आगामी भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने एवं उनकी प्रतिपूर्ति के लिए कृत संकल्पित भी होना चाहिए। प्रदेश के जन-जन का कल्याण हो, वह प्रगति करे और सभी को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के अवसर प्राप्त हों यही हमारा संकल्प होना चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्भागीय मुख्यालय रीवा में ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लँगे।

विधानसभा में प्रमुख सचिव श्री ए. पी. सिंह करेंगे ध्वजारोहण

मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय में स्वाधीनता दिवस (15 अगस्त) को प्रात: 08:00 बजे ध्वजारोहण होगा । विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री ए. पी. सिंह विधानसभा सचिवालय प्रांगण में ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा भवन को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है ।

वि.स./ज.स./21

(नरेन्द्र मिश्रा)

अवर सचिव